हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 मई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

4 परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा 60 बटुकों का उपनयन संस्कार



# टीबी उन्मूलन कार्य में जांजगीर चांपा जिला प्रदेश में पहले पायदान पर

## वर्ष 2024 में प्रदेश में सर्वाधिक 49 हजार 710 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

टी बी उन्मूलन कार्य को लेकर जांजगीर चाम्पा जिला प्रदेश मे पहले पायदान पर है। यहां टी बी प्रभावित सबसे अधिक 49 हजार 710 लोगो की जांच की गई है। वही जिले के 128 ग्राम को टी बी मुक्त घोषित कर दिया गया है। शासन के द्वारा वर्ष 2025 तक प्रदेश को टी बी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2025 में प्रदेश को टी बी बिमारी से मुक्त किया जाना है। ताकि लोग क्षय रोग से बाहर होकर बेहतर जीवन जी सके। इसी के तहत टी बी उन्मूलन कार्यक्रम में जांजगीर चाम्पा जिला प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंच गया है। यहां वर्ष 2024 मे सबसे अधिक 49 हजार 710 लोगो की जांच की गई है। 30 अप्रैल स्वास्थ्य विभाग छ.ग. द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में बुधवार को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित




कटारिया आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिला जांजगीर-चांपा को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024 में सर्वाधिक टीबी जांच 49710 किए जाने पर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छ.ग. को देश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्य को सर्वश्रेष्ठ ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है, जो कि हम सब के लिए गर्व की बात है। 4103 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। यह उपलब्धि ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं नागरिकों की सहभागिता का परिणाम है। वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में छ.ग. भी पूरे संकल्प एवं समर्पण के साथ काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2023 में 58 एवं वर्ष 2024 में 128 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है। इसके अलावा जिले के 128 ग्राम को टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। शासन के द्वारा वर्ष 2025 तक प्रदेश को टी बी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक जायसवाल, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह बैस, आरएमएनसीएच कंस्लटेंट डॉ. अभिषेक कौशिक, जिला समन्वयक टीबी उन्मूलन कार्यक्रम सोमेश तिवारी, एसटीएलएस टीबी उन्मूलन कार्यक्रम ओम प्रकाश थवाईत, अस्पताल सलाहकार अंकित ताम्रकार, सीपीएम शर्मा खलखो सहित जिला जांजगीर-चांपा स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## 15 दिनों के भीतर मांगी गई है पूरी जानकारी

# युक्तियुक्तकरण, शहरी स्कूलों में जमे शिक्षक नापेंगे गांव की डगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुराने सेटअप के साथ अपनी पहुंच के चलते सालों से शहरी और शहर के आसपास के स्कूलों में जमे शिक्षकों को अब गांव की डगर नापनी पड़ेगी। दरअसल शासन द्वारा कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने और अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के आदेश दिए गए है। इसके परिपालन में कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई है, जिसमें 15 दिनों के भीतर पूरी जानकारी मांगी गई है।

बताया जाता है कि सही-सही जानकारी मिल जाए तो जिला मुख्यालय सहित शहरी इलाकों मैं सालों से जमे दो सैकड़ा से अधिक शिक्षकों को गांव की डगर नापनी पड़ सकती है। गौरतलब है कि वर्तमान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में दर्ज संख्या के साथ पदस्थ शिक्षकों की संख्या में भारी अंतर है। न केवल जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा शहर मे बल्कि जिले के अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, पामगढ़, नवागढ़ सहित जिले के शहरी व कस्बाई क्षेत्र में संचालित स्कूलों में दर्ज संख्या के हिसाब से कई शिक्षक अतिशेष हैं। इसके अलावा शहर से लगे गांव और ट्रेन रूट वाले गांव के स्कूलों में भी शिक्षकों की संख्या अधिक है। ऐसे में यदि शासन के निर्देशानुसार कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को नजदीकी स्कूलों में मर्ज किया जाता है और अतिशेष शिक्षकों का युक्ति युक्त कारण होता है, तो अपनी पहुंच और पुराने सेटअप के आधार पर शहरी क्षेत्र में जमे शिक्षकों को गांव देहात के स्कूलों में जाना पड़ सकता है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिला मुख्यालय जांजगीर सहित आसपास के गांव और जिले के शहरी इलाकों के स्कूलों में देखा जाए तो ऐसे शिक्षकों की संख्या दो सैकड़ा को पार कर सकती है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 1 किलोमीटर के दायरे में और शहरी क्षेत्र में 500 मीटर के दायरे में 10 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने के नियम में कई स्कूल भी समायोजित होंगे। कुल मिलाकर कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों के नजदीकी स्कूलों में मर्ज होने और अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण आदेश और इस दिशा में बैठकों के दौर शुरू होने के बाद शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।




### ली जाएगी बैठक

युक्तियुक्त करण को लेकर सभी बीईओ की बैठक लेकर प्रकिया शुरू की जाएगी। शासन के नियमों के तहत युक्तियुक्त करण किया जाएगा।

-अश्वनी भारद्वाज,
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर चांपा

### शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता और नियमानुसार करें - कलेक्टर

शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में शालाओं और शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता और शासन के नियमानुसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करे। युक्तियुक्तकरण हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में शासकीय स्कूलों में आयोजित होने वाले समर कैम्प की जानकारी ली। उन्होंने समर कैम्प में चित्रकारी, निबंध, खेलकूद सहित अन्य विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने कहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन करने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही उन्होंने समर कैम्प में छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालकों को शामिल करने कहा।

# जमीन विवाद पर मारपीट, दो महिला समेत 7 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम कपिस्दा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन विवाद पर एक राय होकर मारपीट करने वाले दो महिला समेत 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम कपिस्दा का है।

इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस के अनुसार 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी जितेन्द्र जोशी के घर के पास कोला की जमीन में बना बाउंड्रीवाल का नींव को उखाड़ रहे थे, जिसे मना करने पर कपिस्दा निवासी राकेश बंजारे उम्र 34 वर्ष, मुलचंद बजारे उम्र 55 वर्ष, फुलचंद बंजारे उम्र 55 वर्ष, हेमलाल बंजारे उर्फ पेटला उम्र 36 वर्ष, कुमारी बंजारे उम्र 31 वर्ष, श्रीराम बंजारे उम्र 38 वर्ष, मन्टोरी बाई बंजारे उर्फ तुरहीन उम्र 54 वर्ष द्वारा अश्लील गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 351 (3),115(2),191(2),191(3),333 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर मौका निरीक्षण किया गया। विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपियो को पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से



विधिवत थी गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा जा चुका है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी बम्हनीडीह सउनि. सुनील कुमार टैगोर, प्र.आर. यशवंत वर्मा, आरक्षक उमेश कश्यप, दिलीप माथूर, म.आर. रेनू मेश्राम, प्र.आर. चालक सलीम मुख्तार एवं थाना स्टाप का विशेष योगदान रहा।

### जमीन विवाद पर भाई की हत्या करने वाले आरोपी पकड़ा गया

जमीन विवाद को लेकर अपने ही भाई की हत्या करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को शाम करीबन 5 सूचना मिली कि कोटाडबरी पटेल मोहल्ला में पुराने घरेलु जमीन विवाद को लेकर आपस मे मारपीट हुआ है। जिसमे कुछ लोगों के गंभीर अवस्था में घायल होने तथा इलाज हेतु अस्पताल लाने की सूचना थाना चांपा पुलिस को मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी यदुमणि सिदार के नेतृत्व में तत्काल थाना चांपा पुलिस द्वारा मौके पर गया दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले नाम पता पूछने पर अपना नाम गणेश पटेल तथा भरत पटेल बताया। इन्होंने बताया कि इनका भाई भीम पटेल और उसका लड़का भेष कुमार पटेल आए दिन जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज करता है। आरोपी भेषराम पटेल अपने पास रखें धारदार चाकू से दोनों को हत्या करने की नियत से प्राण घातक हमला कर दिया। आहत गणेश उर्फ शांति लाल पटेल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा गणेश को मृत घोषित किया गया तथा भाई भरत पटेल को प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मियों को पीपीओ जीपीओ का किया वितरण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त उपरांत उनके पेंशन भुगतान आदेश एवं मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपदान भुगतान आदेश प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने माह अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ, जीपीओ का वितरण किया। जिला कोषालय अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार पाठक ने बताया कि संतोष कुमार साहू, राजकुमार साहू, रामकुमार देवांगन, शरामकुमार साहू, अभिमन्यु कुमार कश्यप, प्यारे लाल दुबे, कृष्ण कुमार साहू को कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा श्रीफल एवं साल से सम्मानित करते हुए पेंशन भुगतान आदेश, मृत्यु सह उपादान भुगतान आदेश एवं पेंशन परिचय पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार बरेठ, रामाधीन साहू, महेन्द्र पाठक, रामगोपाल यादव व कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत पदों पर साक्षात्कार 5 को

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवर्गों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 9 संवर्ग के 10 संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा / साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग कालेज एवं जिला चिकित्सालय में किया गया था। जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता के अंक तथा अनुभव अंक की मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा, साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गई जानकारी की सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइट व कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नोटिस बोर्ड में अवलोकन किया जा सकता है। उक्त जानकारी में शामिल किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति होने पर दावा आपत्ति लिखित में 5 मई तक कार्यालयीन दिवस में समय सायं 05 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है तथा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर भी सख्ती, वसूला जा रहा जुर्माना

**हसौद।** हसौद पुलिस यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी के निर्देशन में एमवी एक्ट के तहत ओवरलोड वाहन, मालवाहकों में सवारी ले जाने, तेज रफ्तार से वाहन चलाने, बिना हेलमेट बाइक चलाने जैसे मामलों पर हर रोज कार्रवाई की जा रही है।अब तक दर्जनभर से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है। साथ ही वाहन चालकों को सख्त हिदायत भी दी गई है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। समय रहते कार्रवाई की जा सके और समाज में कानून व्यवस्था बनी रहे।

### वार्डों में बोर कराए जाने को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

**हसौद।** वार्ड नंबर 18 एवं 19 में बोर कराए जाने को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन अकलतरा वार्ड नंबर 18 एवं 19 में पेयजल की कमी के चलते पार्षद पिंटू बरेठ के द्वारा मुख्य पालिका अधिकारी संजय सिंह को ज्ञापन सौंप कर वार्ड में दो नए बोर करने करने की मांग की है। पिंटू बरेठ ने बताया कि बढ़ते गर्मी के कारण अंधियारी पाठ वार्ड 18. एवं 19 के आम जनता को लगातार पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। पानी का स्तर गिरते जा रहा है, जिसे देखते हुए आम जनता के घर तक पानी पहूच सके। इस हेतु दो नग बोर किए जाने की मांग मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की गई है। ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

# शार्ट सर्किट के चलते घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

शार्ट सर्किट के चलते घर में आग लग गई। इस घटना में मकान मालिक को लाखो रूपए का नुकसान पहुंचा है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम खरगहनी की है। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

इस संबंध में पुलिस थाना शिवरीनारायण से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 30 अप्रैल रात 8 बजे की है। ग्राम खरगहनी निवासी मुकेश कुमार कुम्हार के घर में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिसके चलते मकान मालिक के घर में रखे फ्रीज, टीबी, कुलर, पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इस आगजनी की घटना में मुकेश को लाखो रूपए का नुकसान पहुंचा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बडी संख्या में पहुंचे। इस बीच किसी तरह आग बुझाने के काम मे लगे रहे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस बात की सूचना प्रार्थी के द्वारा शिवरीनारायण पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।



घर में लगी आग।

# पिकअप चालक से अवैध वसूली: एक आरक्षक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले मे पिकअप चालक से अवैध वसूली करने वाले एक आरक्षक सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एक्सटोर्सन सहित अन्य धाराओं के तहत कार्यवाही की है। गिरफ्तार पुलिस आरक्षक रजनीश लहरे, बिलासपुर जिले की पुलिस लाइन में पदस्थ है। मामला डभरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदा बाजार जिले का रहने वाला जीवन साहू ड्राइवर है। उसने बताया कि वह बलौदाबाजार से रायगढ़ पिकअप वाहन से सब्जी छोड़ने जा रहा था। वह पुटीडीह नाला के पास पहुंचा था कि एक कार चालक ने पुलिस सायरन बजाते हुए पिकअप वाहन को रुकवाया। उसके बाद कार के ड्राइवर ने आकर गाड़ी में बैठे उसके साहब को पेपर दिखाने को कहा, तब उसने पेपर लेकर कार में बैठे व्यक्ति को दिखाया। कार में बैठे युवक ने गाड़ी की एंट्री नही हुई है कहते हुए डरा धमका कर उससे 1 हजार रुपये ले लिया। कुछ देर बाद सपोस की तरफ से डभरा पुलिस पेट्रोलिंग करते हुए आई, जिन्हें घटना की पूरी जानकारी देने पर कार का पीछा किया गया तो माण्ड नदी में कार खड़ी थी, जहां आरोपियों द्वारा अन्य पिकअप वाहन से भी वसूली की जा रही थी। जिसके बाद डभरा पुलिस ने बिलासपुर लाइन मे पदस्थ आरक्षक रजनीश लहरे और उसके साथ विक्की उर्फ छोटू दास को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल एक आरोपी मौके से फरार हो गया है। घटना में प्रयुक्त बोलेरो को भी जब्त किया गया है।



गिरफ्तार आरोपी।

## साफ सफाई के अभाव में सड़क पर आया नालियों का गंदा पानी

# चौपाटी की दुर्दशा, 20 मिनट की बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के परशुराम चैक स्थित चौपाटी गुरूवार की शाम 20 मिनट की बेमौसम बारिश से ही पानी-पानी हो गई। बेमौसम हुई इस बारिश ने स्थानीय नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की भी पोल खोलकर रख दी है। शहर की मुख्य नालियों की नियमित साफ सफाई के अभाव में बारिश के कारण गंदा पानी सड़कों पर उफान मारता नजर आया। फिलहाल इन्डोर हाल मार्ग में ठेला लगाने वाले दुकानदारों की मुसीबत बढ़ गई है।

शहर में गुरूवार 01 मई को शाम 5 बजे के बाद मौसम ने फिर अपना रूख बदला और करीब 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। इस बारिश के कारण जहां हमेशा की तरह बिजली की आंख मिचैली से लोग परेशान नजर आए तो वहीं इसने पालिका की सफाई व्यवस्था की भी कलई खोलकर रख दी है। थोड़ी देर की बारिश से नगर के परशुराम चैक स्थित चौपाटी तथा इससे लगे पालिका के काम्पलेक्स के सामने बारिश के साथ ही नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता नजर आया। पिछले कुछ दिनों से परशुराम चौक की बजाए इनडोर हाल मार्ग में दुकान लगाने वाले चाट, गुपचुप, भेल और गोलगप्पों के दुकानदारों को इस बेमौसम बारिश तथा पानी के जमाव से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे उनके रोजगार पर भी विपरीत असर पड़ा। कुछ दुकानदारों ने कहा कि यह तो केवल एक झलक है भविष्य में जब बारिश का मौसम प्रारंभ होगा तब उनका क्या हाल होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। पालिका को चौपाटी मार्ग की व्यवस्था सुधारने के लिए नालियों की नियमित साफ सफाई कराए जाने के अलावा जल निकासी की भी ठोस व्यवस्था करनी होगी अन्यथा चौपाटी बारिश की हर बूंद से चैपट होती रहेगी और लोगों का पालिका की व्यवस्था से भरोसा पूरी तरह से उठ जाएगा। अब देखना होगा कि पालिका द्वारा समय रहते कोई ठोस उपाय करने में सफल होगा।





पानी से तरबतर परशुराम चौक तथा पालिका काम्पलेक्स के सामने भरा पानी।

# 59 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हसौद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रनपोटा गांव में कुछ लोग अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का निर्माण और बिक्री कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल एक टीम गठित कर छापेमारी की योजना बनाई। पुलिस टीम ने सबसे पहले निर्भय खुंटे के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। इसके बाद रथराम खुंटे के पास से भी 6 लीटर, घनश्याम महिलांगे के पास से 13 लीटर, फुलेश्वरी महिलांगे के पास से 19 लीटर और हीराबाई खुंटे के घर से 15 लीटर शराब जब्त की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 59 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की, जिसे बरामद कर सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हसौद थाना प्रभारी अनवर अली ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा, जुआ और सट्टा के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार की कार्रवाइयों का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाना है।



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पद पर भर्ती हेतु चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**कोरबा।** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची, अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा किया गया है साथ ही जिले के वेबसाइट में सर्व संबंधितों के अवलोकना हेतु अपलोड़ कर किया गया है।

### पांच पंचायतों में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**कोरबा।** मनरेगा के तहत पारदर्शिता लाने और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में जिले की सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा निरंतर सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत कोरबा करतला एवं कटघोरा के 05 ग्राम पंचायतों में इस उद्देश्य से सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया सक्रिय रूप से की गई है। ग्राम पंचायत सकदुकला, कटकोना पसरखेत, जोगीपाली एवं दर्री में 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक एक सप्ताह चलने वाली इस प्रक्रिया के तहत ग्राम सामाजिक अंकेक्षक दल के द्वारा कार्य संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन और सत्यापन, निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण तथा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया। इन सभी तथ्यों के आधार पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन को ग्राम सभा में सार्वजनिक रूप से वाचन कर ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ आवेदक और अनावेदक दोनों को अपने पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। चर्चा और सुझावों के उपरांत ग्रामवासियों की सामूहिक सहमति से प्रतिवेदन को अंतिम रूप दिया गया। जहां कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, जैसे कि तहसीलदार या अनुविभागीय अधिकारी, उपस्थित रहकर आवश्यक निर्णय देंगे। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण न केवल शासन और समाज की जवाबदेही सुनिश्चित करती है, बल्कि ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम भी बन रही है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के सभी कार्यों का नियमानुसार सामाजिक अंकेक्षण कराया जाता है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

### सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छ भारत मिशन की ली समीक्षा बैठक

**कोरबा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निश्चित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दिए। श्री नाग ने निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों में बनाए जा रहे फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य एवं कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेलवाडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट व निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## कोरबा में 61 तो कटघोरा में 46 हाथी डाले हुए हैं डेरा

# कभी 5 हाथी आने पर मच जाता था हड़कंप, अब 100 से अधिक गजराज जंगल में कर रहे हैं चहलकदमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का जंगल हाथियों को जमकर रास आ रहा है। एक समय ऐसा था कि 8 से 10 हाथियों के झुंड के दस्तक देने पर पूरा वन अमला अलर्ट मोड पर आ जाता था लेकिन अब कोरबा के जंगल की बात करें तो

**खास बात**

- कटघोरा में एक दंतैल ही मचा रहा है उत्पात

बिलासपुर सर्किल के अंतर्गत कोरबा के जंगल में लगभग 100 से अधिक गजराजों की धमक बोल रही है लेकिन इसके बाद भी कोई बड़ी जनधन की हानि नहीं हो रही है। गजराज अपने रास्ते जंगल में विचरण कर रहे हैं और बड़े आराम से वन अमले की टीम उनकी निगरानी करने में जुटे हुए हैं। एक आध हाथी को छोड़ दिया जाए तो बाकी हाथियों का झुंड एक रास्ते से जाना और दूसरे रास्ते से वापस आने का काम कर रही है। जिससे काफी हद तक वन अमले को राहत भी मिली है।

उल्लेखनीय है कि लगभग दो दशक पहले 4 की संख्या में हाथियों ने कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में अपनी दस्तक दी थी और इनकी संख्या लगातार बढ़ती चली गई और हाथी पहले जंगल में जमकर जान माल का नुकसान करते थे लेकिन अब स्थिति लगातार बदलती जा रही है। हाथियों को कोरबा व कटघोरा वनमंडल का जंगल जमकर रास आ रहा है। अब ये हाथी जंगल को अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं। बिलासपुर वृत्त के अंतर्गत आने वाले कोरबा और कटघोरा वनमंडल की बात करें तो मौजूदा स्थिति में सबसे अधिक हाथियों का झुंड जंगल में विचरण कर रहा है लेकिन इसके बाद भी ना ही किसी तरह की कोई जनधन की हानि हो रही है और ना ही कोई बड़ा नुकसान हो रहा है। इससे वन विभाग को काफी हद तक राहत भी है। मौजूदा स्थिति की बात करें तो कटघोरा वनमंडल में 46 साथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें 12 हाथियों का झुंड केंदई रेंज के कोरबी सर्कल में डेरा डाला हुआ है जबकि 34 हाथी पसान रेंज में विचरण कर रहे हैं। इसी तरह कोरबा वनमंडल की बात करें तो लगभग 61 हाथियों का झुंड कुदमुरा, बालको, लेमरु वन परिक्षेत्र में अलग-अलग झुण्ड में विचरण कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में विचरण करने के बाद भी इन हाथियों ने अब तक कोई बड़ी जन-धन की हानि नहीं पहुंचाई है। वन विभाग की टीम इन हाथियों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी करने में जुटा हुआ है। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को पल-पल की रिपोर्टिंग की जा रही है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों को मुनादी कर सजग किया जा रहा है।



कटघोरा वन मंडल में सड़क पार करता हाथियों का झुंड।

**हाथी और मानव द्वंद के ग्राफ में आयी कमी**

पिछले दो दशक के दौरान हाथियों के कुनबे में बेतहाशा वृद्धि हुई है तो वहीं दूसरी ओर हाथी और मानव द्वंद के आंकड़ों में कमी दर्ज की गई है। एक समय ऐसा था कि हर दूसरे महीने हाथी के कुचलने से ग्रामीणों की मौत होती थी अब ऐसी घटनाएं बहुत कम हो रही है। कटघोरा वनमंडल की बात करें तो दंतैल हाथी के उत्पात को छोड़ दें तो बाकि शेष हाथी जंगल में ही विचरण कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हाथियों को जंगल में उनके रहने के लिए बेहतर रहवास मिल सके इसके लिए शासन ने लेमरू एलिफेंट कॉरिडोर की दिशा पर पहल की है और इसके लिए विभिन्न वनमंडल को चयनित भी किया गया है लेकिन कॉरिडोर को डेवेलप करने का काम अब तक तेज गति से शुरू नहीं हो पाया है जिसके चलते वन्य जीव प्रेमियों को निराशा हाथ लगी है।

**29 बेबी एलीफेंट हैं जंगल में**

जिले के कोरबा वनमंडल के 4 वन परिक्षेत्र में कुल 61 हाथियों की चहलकदमी है। जिसमें बालको वन परिक्षेत्र के खूंटामुड़ा में 13 हाथी, लेमरु में 39, करतला में 6 तो कुदमुरा में 3 हाथी डेरा डाले हुए हैं जिसमें कुल 16 बेबी एलीफेंट शामिल हैं जबकि 30 मादा और 15 नर हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि इसी तरह कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों के झुण्ड में 6 नर, 27 मादा और 13 बेबी एलीफेंट विचरण कर रहे हैं।

## प्लास्टिक के पॉलीथिन में अवैध शराब का खेल, 105 लीटर शराब जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त महुआ शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान जिला पुलिस ने शराब के मामले में दर्जनों लोगों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। वहीं इस कड़ी में उरगा व कटघोरा पुलिस

**खास बात**

- जिला पुलिस अवैध शराब के खिलाफ चला रही है विशेष मुहिम

ने फिर से अवैध शराब के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। जहां 100 लीटर से अधिक महुआ शराब जप्त किया है और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजा है।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मुखबीर की सूचना पर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5, बिंझवार मोहल्ला में चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 70 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया और 10 क्विंटल महुआ लाहन जब्त की गई, जिसे बाद में मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही शराब निर्माण में उपयोग होने वाले भट्ठी और बर्तन भी पुलिस द्वारा जप्त किए गए। इस कार्यवाही के दौरान चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सुखरू केंवट, पिता स्व. बिपद केंवट, संजय केंवट, पिता स्व. धरम केंवट, अशोक बाई, पत्नी स्व. सत्यनारायण केंवट, अनुराधा केंवट, पति संतराम केंवट शामिल हैं। सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसी तरह उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सुभाष ढाबा के पीछे खुला स्थान में अवैध रूप से हाथभट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में ब्रिकी करने के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस के द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी कर छापामार की कार्यवाही की गई। जहां मौके पर ग्राम पताढ़ी निवासी सुभाष गुप्ता उम्र 37 वर्ष पिता स्व. नवीन गुप्ता के कब्जे से प्लास्टिक के बड़े पन्नी के अंदर छोटे छोटे 140 नग प्लास्टिक पाउच में भरे कुल लगभग 35 लीटर महुआ शराब को पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है।

# पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों खर्च, फिर भी लोगों के कंठ सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलांचल क्षेत्र में गर्मी का मौसम आने से पहले ही पानी के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। हर साल पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए एसईसीएल प्रबन्धन द्वारा अपने प्रभावित क्षेत्र में करोड़ों रूपये खर्च की जाती है। बावजूद इसके प्रभावित ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं की जाती है। गर्मी के दौरान उन्हें जल संकट का सामना करना पड़ता है।

**खास बातें**

- एसईसीएल गेवरा, दीपका क्षेत्र से प्रभावित ग्राम का मामला
- उर्जाधानी भूविस्थापित कल्याण समिति ने गेवरा दीपका जीएम से की शिकायत

पर्यावरणीय प्रभाव एवं एसईसीएल की कोयला उत्खनन के कारण प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर नीचे चला गया है। कुंआ, तालाब सुख चुके है और हैंडपम्प, बोर से पानी नही निकल रहा है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को पेयजल सहित निस्तार के लिए पानी की समस्या से भारी परेशानी होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीणों की मांग पर एसईसीएल की दीपका क्षेत्र द्वारा गर्मी शुरू होने से पूर्व ही पानी संकट को देखते हुए 93 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है। टेंडर में दीपका क्षेत्र से प्रभावित गाँवों में नियमित रूप से हर मोहल्ल्ले तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ गांव में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए टैंकर से पानी आपूर्ति किया जाना है, किंतु गांवों, मोहल्लों में पानी आपूर्ति नही होने की शिकायतें मिल रही है इस बात की भी शिकायत प्राप्त हो रही है कि ग्रामीणों द्वारा एसईसीएल के सबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद गाँवो में पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। महज खाना पूर्ति के लिए पानी टैंकर चलायी जा रही है। गौर करने वाली बात यह है कि दीपका क्षेत्र से जारी टेंडर में किसी भी गांव का उल्लेख नहीं किया गया है। इसी तरह से एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में भी 78 लाख रूपये का टेंडर जारी किया गया है। जिसके तहत सराईसिंगर, हरदीबाजार, रलिया, धौराभाठा, नवापारा, ऊमेंदीभाठा, मुड़ियानार, भिलाईबाजार, बरभाठा, पंडरी पानी, नराईबोध, भठोरा, कटगीडबरी, ढोडगी पारा, छिंदपुर, घाटमुड़ा, गंगानगर सहित अन्य प्रभावित गाँवों में नियमित रूप से हर मोहल्ल्ले तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति करना है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दमखांचा निवासी सलीराम उम्र लगभग 35 वर्ष अपने मोटर सायकल में सवार होकर किसी काम से मंगलवार की शाम कोरबा आया था जहां से काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहा था कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला पुल के पहले किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली व सर्वमंगला चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर शव को जिला अस्पताल भेजा गया।

# कोटवारी सेवा भूमि के अवैध हस्तांतरण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कोटवारी सेवा भूमि के अवैध हस्तांतरण और बिक्री के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर भैसमा तहसीलदार केके लहरे ने ग्राम कुकरीचोली में 0.652 हेक्टेयर कोटवारी भूमि का नामांतरण अपास्त कर उसे शासन के रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में डॉ. केसी देवनाथ सहित कई अन्य लोगों के नाम पर दर्ज भूमि का हस्तांतरण रद्द किया गया है।

जिले में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें कोटवारी भूमि को गलत तरीके से अन्य लोगों के नाम पर दर्ज किया गया। कलेक्टर के निर्देश और तहसीलदार की त्वरित कार्रवाई। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए थे कि कोटवारी भूमि के अवैध हस्तांतरण को तुरंत निरस्त किया जाए और इसे शासन के नाम पर पुनः दर्ज किया जाए। इस आदेश के बाद भैसमा तहसीलदार केके लहरे ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। ग्राम कुकरीचोली में खसरा नंबर 376 और 377/1 के तहत दर्ज कोटवारी भूमि की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि इस जमीन को अनिता कौशिक, मंजू जायसवाल, कनिका चक्रवर्ती और डॉ. केसी देवनाथ जैसे लोगों के नाम पर गलत तरीके से हस्तांतरित किया गया था। तहसीलदार ने अनिता कौशिक खसरा नंबर 377/1, रकबा 0.045 हेक्टेयर, मंजू जायसवाल खसरा नंबर 377/1, रकबा 0.040 हेक्टेयर, कनिका चक्रवर्ती खसरा नंबर 377/1, रकबा 0.012 हेक्टेयर, डॉ. केसी देवनाथ खसरा नंबर 376 और 377/1, कुल रकबा 0.555 हेक्टेयर शामिल हैं।




**किस तहसील में कितनी कोटवारी भूमि पर कार्रवाई**

कोटवारी भूमि के अवैध हस्तांतरण के कुल 63 मामले सामने आए हैं, जिनमें सिंगल ट्रांजेक्शन शामिल हैं। इनमें भैसमा तहसील में 16, कटघोरा में 8, दीपका में 8, हरदीबाजार में 7, बरपाली में 10, पोड़ी उपरोड़ा में 2, कोरबा में 2, दर्री में 6 और पाली में 4 प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को इन मामलों की गहन जांच और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

**ईश्तहार**

क्रमांक / /तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 23/04/2025
रा.प्र.क्र. 202504063100116/ब-121
ग्राम-ससहा प.ह.नं. 07

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक गोमती वैष्णव पति विष्णु दास जाति वैष्णव ग्राम ससहा थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने पति विष्णु दास वैष्णव पिता मंगल दास का मृत्यु दिनांक 12/10/2024 को ग्राम ससहा पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम ससहा में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07/05/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक // तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 23/04/2025
रा.प्र.क्र. 202504063100115/ब-121
ग्राम - ससहा प.ह.नं. 07

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक पप्पू साहू पिता अशोक साहू जाति तेली ग्राम ससहा थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने पिता अशोक साहू पिता दुखुराम साहू का मृत्यु दिनांक 16/05/2024 को ग्राम ससहा पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम ससहा में नही करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07/05/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार**
**पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**// नोटिस सूचना पत्र //**
क्रमांक / 658/वाचक / तह./2025
पामगढ़, दिनांक 21/04/25

प्रति, 1. परसराम पिता आजूराम, 2. पुनीराम पिता आजूराम, 3. पंचराम पिता आजूराम, 4. गणेशराम पिता स्व. ईश्वर प्रसाद, 5. मुकेश कुमार पिता स्व. ईश्वर प्रसाद, 6. दीपक कुमार पिता स्व. ईश्वर प्रसाद, 7. अंजली पिता स्व. ईश्वर प्रसाद, 8. ईश्वरी पिता नरसिंग, 9. चम्पा बाई पिता नरसिंग, 10. तेरसबाई पिता नरसिंग, 11. पदमावती पिता नरसिंग, 12. श्याम बाई बेवा नरसिंग, 13. बुद्धेश्वर पिता राम सिंग, 14. बुदलू पिता राम सिंग, 15. पुरूषोत्तम पिता राम सिंग, 16. मद्रिका पिता राम सिंग सभी जाति लोहार साकिन ससहा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा

**विषयः उपस्थिति बाबत।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क. 202503063100157/अ 27/2024-25 पक्षकार आवेदकगण दसूर पिता फिरू, सालिक राम पिता खुलबुल, चंद्रमाबाई पिता अवधराम जाति लोहार साकिन ससहा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर ग्राम ससहा में स्थित भूमि खसरा नंबर 187/1, 187/3, 534/1 रकबा क्रमशः 0.603, 0.202, 0.463 हे. भूमि अवस्थित है। उक्त वादभूमि का हम आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य कई वर्षों पूर्व आपसी बंटवारा हो चुका है जिसके तहत अपने-अपने हिस्से पर काबिज काश्त है। उक्त बादभूमि में से आवेदकगण के हिस्से का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः दिनांक 13/05/25 को न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में उपस्थित होवे।

**तहसीलदार**
**पामगढ़**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट
ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

1-MAY- Jash-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/1/2025 8:28 PM Page 1





# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साईं पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी। नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं।

## लाइफ Style



# पलक

## 2000 में से एक बंदा को किया डेट

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड की अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों सुर्खियों में है। उनकी फिल्म 'द भूतनी' 1 मई को रिलीज होने वाली है। इसको लेकर वह चर्चा में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मौनी रॉय भी हैं। पलक तिवारी इब्राहिम अली खान के साथ रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं।

दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया। पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा 'मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।' पलक ने कहा 'एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया। वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी। मैं किसी के लिए ऐसा नहीं करती। लेकिन मैंने उस लड़के के लिए किया। हालांकि वह लड़का मिल गया।'

## हॉलीवुड मसाला



# हार्वे के खिलाफ हेली ने दी गवाही

**लॉस एंजिलिस।** न्यूयॉर्क की एक अदालत में मंगलवार को हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे मीटू मामले की दोबारा सुनवाई में मीरियम हेली ने अपनी गवाही दी। हेली ने कोर्ट में कहा कि वीनस्टीन ने जुलाई 2006 में उनके साथ जबरदस्ती यौन शोषण किया था। 47 वर्षीय हेली ने साफ कहा कि उनकी वीनस्टीन के प्रति कोई रोमांटिक या यौन रुचि नहीं थी। वह केवल काम की तलाश में उनसे मिली थीं। हेली ने अदालत से कहा कि कथित घटना से दो महीने पहले मई 2006 में वह फ्रांस के कान फिल्म फेस्टिवल में वीनस्टीन से मिली थीं।



# ग्रिंट के घर गूंजी किलकारी न्यूबॉर्न बेबी की पहली झलक

**लॉस एंजिलिस।** 'हैरी पॉटर' फेम ब्रिटिश एक्टर रूपर्ट ग्रिंट एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है और इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया। अपनी पोस्ट में रूपर्ट ने बेबी गर्ल की पहली झलक भी दिखाई और उसका प्यारा नाम भी रिवील कर दिया। जैसे ही यह खुशखबरी सामने आई, फैंस और सेलेब्स की तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। बता दें, रूपर्ट ने साल 2020 में अपनी पार्टनर जॉर्जिया ग्रूम के साथ पहली बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम उन्होंने वेडनेसडे रखा था। रविवार को रूपर्ट ग्रिंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यूबॉर्न बेटी के आगमन की घोषणा की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "सीक्रेट बेबी का थोड़ा खुलासा कर रहा हूं। पेश है ग्रिंट फैमिली का नया मेंबर। 10/10 बेबी (अब तक)।



# अंकिता ने रद्द किया यूएसए शो...

**मुंबई।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी सितारों ने इस घटना की निंदी की है और वे इस मुश्किल घड़ी में घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ खड़े हैं। देश के साथ खड़े हैं। इस घटना के बाद अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस से साझा की है। अंकिता लोखंडे 'मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025' में हिस्सा लेने जाने वाली थीं। वे यहां बतौर अतिथि आमंत्रित की गई थीं और शो में विनर की क्राउनिंग सेरेमनी उन्हीं के हाथों होनी थी। मगर, पहलगाम में हुई दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के बाद अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है।



# 'वन-फोर्स ऑफ..' में हुई एक्ट्रेस की एंट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' को अब अपनी हीरोइन ऑफिशियली मिल गई है। मेकर्स की ओर से फिल्म की अभिनेत्री का ऐलान करते हुए, पहली झलक भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। अभिनेत्री को एक रहस्यमय नए अवतार में पेश करते हुए एक नया टीजर जारी किया गया है। हालांकि, अभिनेत्री का पूरा लुक अभी रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के मेकर्स बालाजी मोशन पिक्चर्स की ओर से 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में हीरोइन की एंट्री की जानकारी दी गई। जिसमें ये साफ किया गया है कि अभिनेत्री तमन्ना भाटिया सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। मेकर्स की ओर से तमन्ना का फिल्म में स्वागत किया गया है।

## टीवी मसाला

# शादी के 6 साल बाद पापा बनने वाले हैं रोहित

**मुंबई।** डेली सोप ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आए अभिनेता रोहित पुरोहित बहुत जल्द पिता बनने वाले हैं। 30 अप्रैल को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए कपल ने घोषणा की कि उनकी पत्नी अभिनेत्री-पत्नी शीना बजाज प्रेग्नेंट हैं। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों मैचिंग पीच कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। शीना एक फ्लोरल गाउन में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं,जबकि रोहित ने एक प्लेकार्ड पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है, हमें उम्मीद है कि 2025 एक बेहतरीन साल होगा। वीडियो में रोहित भी शीना को गले लगाते और उनके बेबी बंप को सहलाते हैं। रोहित और शीना ने जैसे ही ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की लोग उन्हें बधाईयां देने लगे। अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी रोडे ने लिखा, बधाई हो दोस्तों! आप दोनों को ढेर सारा प्यार। अभिनेत्री अनीता राज ने टिप्पणी की, "खूबसूरत जोड़े को बधाई। गुरुजी हमेशा आप सभी को भरपूर आशीर्वाद दें बहुत खुशी हुई।कपल ने 6 साल पहले डेटिंग के बाद 22 जनवरी 2019 को जयपुर में शादी की थी। अब शादी के 6 साल बाद उनके घर किलकारी गूंजने वाली है।



## राम कपूर ने फिर चौंकाया, घटाया 55 किलो वजन

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम अभिनेता राम कपूर के अचानक हैवी वेट लॉस से उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ गई थी। हाल ही में एक्टर ने अपने तस्वीरें साझा कर वजन संबंधी आ रही टिप्पणियों पर जवाब दिया है। हालांकि, आपको बतात चलें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि एक्टर ने 18 महीनों के अंदर 55 किलो वजन घटाए हैं। आइए जानते हैं अभिनेता ने सोशल मीडिया पर क्या कहा? अभिनेता राम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में एक्टर शर्टलेस नजर आ रहे हैं, जिसमें वह उत्साह से अपनी बॉडी को दिखाते नजर आ रहे हैं। शेयर की गई एक तस्वीरों में राम कपूर काला चश्मा लगाए हुए अजीबोगरीब रिएक्शन देते दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा कि मेहनत अभी भी जारी है और लक्ष्य तक पहुंचने में अभी लंबा रास्ता तय करना है। साथ ही उन्होंने शर्टलेस तस्वीरों के लिए माफी भी मांगी। राम कपूर के इस पोस्ट पर फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने कमेंट किया, 'जब आप तैयार हो तो शूट का प्लान करें'।




# रिलीज हुआ बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब'

**मुंबई।** गायक और रैपर बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब' रिलीज हो चुका है। गाने में बादशाह डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने में वह अपना सिग्नेचर स्टेप कर रहे हैं। बादशाह के नए वीडियो में देखा जा सकता है कि वह न सिर्फ गाना गा रहे हैं बल्कि लोगों के साथ झूम रहे हैं। पूरा गाना एक कहानी की शक्ल में है। यह पहली बार है जब बादशाह ने किसी गाने में इतना अच्छा डांस किया है।गाने में देखा जा सकता है कि बादशाह हुक स्टेप कर रहे हैं। उनका डांस सधा हुआ है। म्यूजिक पर उनके पैर थिरकते हैं। गाने का बैकग्राउंड और म्यूजिक जबरदस्त हैं। गाने में उन्होंने चश्मा लगाया है और अपने बालों का लुक भी बदला है जो उन पर काफी जच रहा है। एक जगह पर उन्होंने सोलों डांस किया है। उनके ऊपर एक लग्जरी कार लटक रही है। यह दृश्य काफी रोचक है।



## कान में मिलेगा निकोल को पुरस्कार

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन को कान फिल्म फेस्टिवल और केरिंग द्वारा वूमन इन मोशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुष हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की और कहा कि वह सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का शानदार उदाहरण हैं। किडमैन ने इस सम्मान को "सच्चा सम्मान" बताया।



# आंध्र प्रदेश में बना साउथ अभिनेत्री का मंदिर...

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बाद अब जानकारी आई है कि सामंथा रुथ प्रभु का भी मंदिर उनके एक फैन ने बनवाया है। दरअसल, यह मंदिर तो तीन साल पहले ही बन गया था, लेकिन अब यह बात सोशल मीडिया पर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा के प्रशंसक तेनाली संदीप ने सामंथा के मंदिर का अनावरण किया और उस दिन उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया। यह सभी कुछ तेनाली ने सामंथा के प्यार में किया है। इसके बाद तेनाली ने गरीब बच्चों के साथ सामंथा के 38वें जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें इस तरह से अपना प्यार दर्शाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेस से बात करते हुए, तेनाली ने इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा, "मेरा नाम तेनाली संदीप है। मैं आंध्र प्रदेश के बापटला में अलापडु ग्रामम से हूं। मैं सामंथा गारू का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने तब यह मंदिर भी बनवाया था। आज मंदिर के तीन साल हो गए हैं।



## नानी की हिट 3 से लेकर आ रहीं धमाकेदार साउथ फिल्में

# मई के महीने में बॉक्स ऑफिस पर आएगा तूफान

*मुंबई। 1 मई साउथ सिनेमा के लिए बेहद खास होने जा रहा है, क्योंकि इस दिन चार बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हर फिल्म का जॉनर अलग है- एक्शन, ड्रामा, रोमांस और इमोशन से भरपूर कहानियां दर्शकों को सिनेमा हॉल तक खींच लाने वाली हैं। इन फिल्मों में नामी सितारों की मौजूदगी और दमदार कंटेंट की वजह से पहले से ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। अगर आप लंबे समय से कुछ नया और मनोरंजक सिनेमा देखने का इंतजार कर रहे हैं, तो यह मौका बिल्कुल न गंवाएं। आइए जानते हैं 1 मई को रिलीज हो रही चार साउथ फिल्मों के बारे में*

### हिटः द थर्ड केस




'हिटः द थर्ड केस' यानी हिट 3 एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नानी अर्जुन सरकार नाम के एक जांबाज पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक 9 महीने के बच्चे के किडनैप केस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अर्जुन हर कीमत पर बचाना चाहता है। यह फिल्म 'हिट यूनिवर्स' की तीसरी किस्त है और इससे पहले 'हिट' और 'हिट 2' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि फिल्म थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर होगी।

### टूरिस्ट फैमिली



'टूरिस्ट फैमिली' एक भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें श्रीलंका से आए एक तमिल परिवार की कहानी दिखाई गई है जो तमिलनाडु में नई ज़िंदगी शुरू करना चाहता है। उनकी जद्दोजहद, संघर्ष और नए समाज में घुलने की कोशिश को फिल्म में संवेदनशीलता से दर्शाया गया है। बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी अरविंद विश्वनाथन ने की है और दिल छू लेने वाला संगीत सीन रोल्डन ने तैयार किया है। यह फिल्म दर्शकों को एक इमोशनल सफर पर ले जाएगी।

### रेट्रो




'रेट्रो' एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा है, जिसमें सूर्या परिवेल कन्नन नाम के एक व्यक्ति की भूमिका में हैं जो अपने पहले प्यार रुक्मिणी को फिर से पाने की कोशिश करता है। कहानी में रोमांस के साथ-साथ भरपूर एक्शन और ड्रामा भी है। फिल्म में प्रकाश राज और जयराम जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम किरदारों में हैं, जो इसकी गहराई को और बढ़ाते हैं।

### पप्पी



'पप्पी' एक सरल लेकिन दिल को छू लेने वाली कन्नड़ फिल्म है, जो उत्तर कर्नाटक के एक गरीब परिवार की कहानी को दिखाती है जो बेहतर जीवन की तलाश में बैंगलोर आता है। उनकी किस्मत तब बदलती है जब उनके बेटे को एक लावारिस पप्पी मिलता है, जो एक अमीर परिवार का होता है। पप्पी और बच्चे की मजबूत होती दोस्ती दर्शकों को हंसाएगी भी और रुलाएगी भी।

## खबर संक्षेप

### आरसी पांडेय को मिली डाक्टोरेट की उपाधि



**जांजगीर-चांपा।** शहर में संचालित ज्ञान भारती स्कूल, उत्कर्ष एवं हरिशंकर शिक्षा महाविघालय के संचालक आर सी पांडेय को डाक्टोरेट की उपाधी मिली है। उन्होने मैटस विश्वविघालय रायपुर से शिक्षको के व्यक्तित्व तथा समायोजन पर आई सी टी के प्रति जागरूकता के प्रभाव का अध्ययन विषय पर डाक्टर परविंदर हंसपाल के मार्गदर्शन मे शोध किया है। उनकी इस उपलब्धी पर दिलीप चतुर्वेदी, आर के जैन, नंदकुमार चतुर्वेदी, संजय पांडेय, डाक्टर वाणी तिवारी, ए आर केशी, संतोष कुमार कश्यप, राजेन्द्र गोयल ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### आकस्मिक मृत्यु : 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम कनाकोट निवासी मृतक स्व. हिमांशु सिदार को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक की माता श्रीमती सुलोचना सिदार पति बुद्धेश्वर सिदार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### विशाल बने उपाध्यक्ष, दीपक को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी





**चांपा।** छग चेंबर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के चुनाव में नगर के युवा व्यवसायी विशाल केडिया को प्रदेश उपाध्यक्ष तो वही जांजगीर के दीपक पालीवाल को प्रदेश मंत्री निर्विरोध चुना गया है। दोनों ही एकता पैनी से कलश छाप से उम्मीदवार थे। विगत एक माह से भी ज्यादा अर्से से चेम्बर आफ कॉमर्स के विभिन्न पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही थी। छग चेंबर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के चुनाव में नगर के युवा व्यवसायी विशाल केडिया को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली तो वही जांजगीर के दीपक पालीवाल को प्रदेश मंत्री निर्विरोध चुना गया है। दइसके तहत चांपा निवासी युवा विशाल केडिया प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जांजगीर निवासी दीपक पालीवाल निर्विरोध चुने गए है। इससे व्यापारियों में हर्ष है।

### 2621 शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति पर मुहर लगाना ऐतिहासिक निर्णय



**जांजगीर-चांपा।** विष्णुदेव साय कैबिनेट के द्वारा बीएड डिग्री की वजह से बर्खास्त 2621 शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति पर मुहर लगाना ऐतिहासिक एवं युवाओं के हित मे लिया गया निर्णय है। उक्त बातें भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा साय सरकार ने सीधी भर्ती 2023 में सेवा समाप्त 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन किया है, जो एक प्रशंसनीय कदम है यह विष्णुदेव साय सरकार की मंशा को स्पष्ट करता है कि वो युवाओं के भविष्य के प्रति कितने सजग और गंभीर है। ज्ञात हो कि पिछली कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बीएड डिग्री वालों को सहायक शिक्षक नियुक्त कर दिया था। कानूनी पेचीदगियों से बचने नियुक्ति पत्र में लिखा गया था कि उनकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर करेगा। यही वजह है कि राज्य सरकार या कोई सहायक शिक्षक सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं कर पाया। बीएड और डीएलएड शिक्षकों के बीच लंबी चली कानूनी लड़ाई के बाद छत्तीसगढ़ के 2621 ऐसे बीएड शिक्षक जिनको प्राइमरी स्कूल में दी गई पदस्थापना को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने बर्खास्त कर दिया था। बर्खास्तगी के बाद ये शिक्षक और परिवार सड़क पर आ गया था। पिछली कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बीएड डिग्री वालों को सहायक शिक्षक नियुक्त कर दिया था। शिक्षको की चिंता करते हुए साय सरकार ने उन्हें सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर पोस्टिंग देने की घोषणा की। जिससे बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हुआ।

## निधन

### श्रीमती रामाबाई सोनी



**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक समलेश्वरी मंदिर चौक निवासी स्व. मंगलप्रसाद सोनी की धर्मपत्नी एवं पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष किशनलाल सोनी की माता श्रीमती रामाबाई सोनी का गुरूवार 1 मई को सुबह निवास स्थान पर निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती सोनी अपने पीछे तीन पुत्रों एवं तीन पुत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार अपरान्ह 3 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से मृतात्मा की शांति तथा पीड़ित परिवार को यह दुख सहन की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की गई।

### परशुराम भवन निर्माण में दानदाताओं सहित उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

# परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा 60 बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शोभायात्रा में शामिल मारवाड़ी समाज के लोग।



दानदाताओं का सम्मान करते अतिथि।

स्थानीय भगवान परशुराम युवा ब्राम्हण संगठन एवं मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ के तत्वाधान में बुधवार 30 अप्रैल को भगवान विष्णु के दसवें अवतार विप्र कुलभूषण भगवान परशुराम की जयंती सोल्लास के साथ मनाई गई। इस पर मौके पर दोनों ही समाज द्वारा सुबह और शाम भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही संगठन द्वारा 60 बटुक पालकों का उपनयन संस्कार किया गया। साथ ही परशुराम भवन निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले 40 दानदाताओं सहित दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ द्वारा सुबह 10:30 बजे श्याम मंदिर हटरी बाजार स्थित शिव काली मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मार्ग में गणेश मोदी, किशोर वीनिता मोदी एवं धीरेन्द्र बाजपेयी ग्रुप द्वारा शीतल दूध, जूस एवं माजा से स्वागत किया गया। शिवकाली मंदिर में पं.राजेश शर्मा द्वारा भगवान परशुराम जी की पूजा आरती सम्पन्न कराए जाने के बाद उपस्थितों में प्रसाद वितरण किया गया। उधर संगठन द्वारा शाम 5:30 बजे परशुराम भगवान में दानदाताओं एवं विद्यार्थियों का सम्मान करने के बाद नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जो शाम 7:15 बजे परशुराम चौक पहुंची। यहां भगवान परशुराम जी की महाआरती पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

### जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

शिवरीनारायण। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर से निकलकर मध्यनगरी चौक, न्यू मार्केट, वीडियो चौक, बॉम्बे मार्केट, मेन रोड, केरा चौक, पुराना रपटा रोड, थाना रोड, थाना चौक, बड़े मंदिर रोड होते हुए वापस भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर पहुँची। शोभायात्रा में सुसज्जिय रथ में भगवान श्री परशुराम जी की जीवंत झांकी व तैलचित्र को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई।



# अक्षय तृतीया पर 31 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 31 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया।

अग्रसेन भवन नैला-जांजगीर में आयोजित उपनयन संस्कार में आचार्य राजकुमार मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम बटुकों का उपनयन विधी विधान के साथ मंत्रोच्चार कर सम्पन्न कराया गया। आयोजन के अंत मे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नैला रेलवे स्टेशन के सामने भगवान परशुराम चौक तक निकाली गई, जहाँ भगवान परशुराम जी की अष्टधातु से बनी प्रतिमा के समक्ष महाआरती हुई। प्रमुख यजमान चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा रहे। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा, सीता पांडेय,जयश्री शर्मा, बीना दुबे, जयंती दुबे, नीलू पांडेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे, निशा मिश्रा, अलका शर्मा, नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा, किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा,किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला,डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा, स्मृति गौरहा,नम्रता शर्मा,जूही गौरहा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर परशुराम जन्मोत्सव समिति के सदस्यगण, बटुकों के माता,पिता एवं रिश्तेदार भारी संख्या में उपस्थित थे।

## पोस्ट आफ द मंथ एवं बोलेगा बचपन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा में जिला स्त्रोत समन्वयक आर के तिवारी एवं विनोबा टीम द्वारा जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ माह मार्च के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला अकलतरा से श्रीमती अलकीन खान, श्रीमती तीरथ बाई गोंड,शासकीय प्राथमिक शाला कटघरी से राजेश्वर कुमार रात्रे, बोलेगा बचपन जिला स्तरीय माह मार्च के लिए शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ से श्रीमती शबीना बानो खान,शासकीय बालक प्राथमिक शाला से श्रीमती लता निर्मलकर, रमई पारा हरदी से श्रीमती प्रीति शर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला




खटोला से विजय कुमार कंवर एवं श्रेष्ठ शैक्षिक समन्वयक के लिए कन्या संकुल अकलतरा से उमाशंकर निर्मलकर एवं किरारी संकुल अकलतरा से प्रफुल्ल तिवारी को सम्मानित किया गया। बीईओ रत्नमाला सिंह, एबीईओ स्वाती राठोड़ एवं बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस के द्वारा सभी शिक्षको को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विवेकानंद स्कूल में परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 30 अप्रैल को स्थानीय स्तर की परीक्षा परिणाम जारी किया गया।

परीक्षा परिणाम की घोषणा अनुसारनर्सरी में प्रथम अपराजिता शर्मा ,आस्था यादव ,धानी जलतारे ,हेजल केवट ,जानवी राठौड़ ,कुणाल सूर्यवंशी ,लव वर्मा ,मेघा सारथी, मिष्टी निर्मलकर, मुग्धा सारथी, पाखी चक्रधारी ,प्रिंस यादव, पुष्पिका यादव, श्रेयांश राठौर, सुमित राठौर, स्वीटी कश्यप, त्रिशांत खरे, वैष्णवी यादव, याशिका साहू द्वितीय में काव्या राठौर तृतीय में भौमिक साहू ,लक्ष्य मानिकपुरी ,पीयूष



कुम्हार केजी 1 में प्रथम आरुष कश्यप , आरवी राठौर, अर्तिका यादव ,दीक्षा कश्यप, दृष्टि यादव, गगन यादव, हंसिका सारथी, इशा सूर्यवंशी ,जसवीर पटेल ,खुशी सरोज, कुहू राठिया, लीना यादव, मानसी कश्यप, नित्या मांझी, रेन्शी धीवर ,रिद्धिमा यादव, ऋत्विक सूर्यवंशी ,रुद्र प्रताप यादव, सक्षम पाण्डेय, सोमांशु साहू, शौर्य सूर्यवंशी, सृष्टि कश्यप ,स्वप्निका यादव, स्वाति दुबे ,तान्या नामदेव, तुषार राठौर, विवान दुबे, विवान गुप्ता, यनशिका हंसराज ,द्वितीय में कुमुद तिवारी ,पुष्पेंद्र कश्यप, तृतीय में पार्थ श्रीवास ,श्रीकांत यादव, केजी 2 में प्रथम धानी धर्मदास, दिशा कुमारी सूर्यवंशी, गौतम कश्यप, हंशिका तिवारी, मयंक जल तरंग ,प्रिशा साव, वंश बरेट ,सुशांत राठौर, तनिश कुमार साहू द्वितीय में आदित्य कश्यप , अन्नू कश्यप, अथर्व जलतरंग, सक्षम यादव, सोनम राठौर, वैभव सिंह ,तृतीय में प्रियंका धीवर, श्वेता मद्धेशिया ,तनिश कुमार यादव, स्टैण्डर्ट वन में प्रथम इशिता खरे द्वितीय में दीक्षा लहरे, फ़ल्यानी साहू तृतीय में पार्विका खांडे,पीहू यादव ,सुशांत पाण्डेय ,स्टैण्डर्ट टू में प्रथम गरिमा साहू ,लक्ष्य कुमार साहू, सुमन रात्रे, तान्या अग्रवाल सहित अन्य छात्र छात्रों को सफलता मिली है।

### प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**डोंगाकोहरौंद।** ग्राम भिलौनी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौनी प्राचार्य श्रीमती ए. एस.ल कक्ड़ा की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बीईओ एम .एल. कौशिक, शिक्षक ने कहा कि नेतृत्व क्षमता, अनुशासन प्रियता व सरल व्यवहार के कारण वे सभी के प्रिय बने रहे। शिक्षकों ने उनके कार्यों को याद करते हुए भावुक शब्दों में विदाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। श्रीमती ए. एस.लक्ड़ा ने विद्यार्थियों को परिश्रम व ईमानदारी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस वर्ष भी 10 वीं एवं बारहवीं में मेरिड लिस्ट उत्कृष्ट अंक लाने वाले बच्चों को उपहार देने की बात कही।

## सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनौद विकासखण्ड पामगढ़ के विद्यालय प्रांगण में वरिष्ठ ब्याख्याता दिलेसर सिंह राज की सेवानिवृत्त पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वेंकट रमण प्रताप सिंह पाटले,पूर्व प्राचार्य मनोज कुमार साहू एवं समस्त स्टाप के द्वारा सेवानिवृत्त ब्याख्याता राज को गुलदस्ता, उपहार श्री फल, साल, पेन, डायरी आदि से सम्मानित किया गयाइस अवसर पर ब्याख्याता मनोज कुमार साहू ने सबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार उनके उत्कृष्ट कार्यों को सदैव याद रखेगा उनकी उत्कृष्ट योगदान उनका व्यक्तित्व हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। संचालन ब्याख्याता संतोष कुमार साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्याख्याता मनोज कुमार साहू, संतोष कुमार साहू, सुप्रिया आनंद सिन्हा, गिरिवर सिंह टंडन,पुष्पा टेल,तुलसी साहू, श्यामा देवी पटेल, मनीषा बंजारे, प्रिया पाटले, श्याम सिंह कोर्राम, विजय कुमार साहू, मधु अग्रवाल, संजय कुमार चौधरी, मोती लाल कश्यप, विजय कुमार कश्यप, कन्हैया लाल साहू, विपिन कुमार सेठ, जितेन्द्र कुमार महिपाल, केशव आदित्य, विरेन्द्र कुमार पाटले, सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का गठन, सेंगर चुने गए अध्यक्ष



प्राइवेट स्कूल एसोसिएशपन के नए अध्यक्ष के साथ अन्य सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विकासखण्ड अंतर्गत संचालित निजी विद्यालय संचालकों का सम्मेलन दिनांक 1 मई को अकलतरा में संपन्न हुआ। उपस्थित संचालकों ने सरस्वती माता और भारत माता के तैल्यचित्र के पूजन के साथ सम्मेलन प्रारंभ कर निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

जिला संगठन के निर्णय का पालन करते हुए विकासखण्ड में संचालित सभी निजी स्कूलों में भी नर्सरी के बाद केजी-1 से 12 वीं तक सभी कक्षाओं में प्रवेश के पूर्व बच्चे से पूर्व स्कूल का टी.सी. लेना अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में बिना टीसी के प्रवेश लेने तथा बीच सत्र में किसी भी स्कूल में कार्यरत शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ का पूर्व संस्था के एनओसी के बिना नियोजन प्रतिबंध करने का फैसला लिया गया। इन दोनों प्रतिबंधित कृत्यों पर संगठन द्वारा निर्धारित जुर्माना देय भी किया गया। नवीन प्रवेश कक्षाओं के लिए बच्चों का उम्र निर्धारण के लिए अंतिम तिथि का निर्धारण जिला और प्रदेश संगठन से मार्गदर्शन लेकर निर्धारित किया जायेगा यह निर्णय भी लिया गया । विकासखण्ड कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से संरक्षक दादूराम पाटले, महेंद्र कुमार सत्यम, सनत कुमार सिंगसर्वा, अध्यक्ष पद हेतु यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संचालक अखिलेश सिंह सेंगर को सर्व सहमति से निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष- गोविंद राम पाटले, लीलाधर साहू, संजय कुमार कश्यप, सचिव - करण सिंह चंदेल, सहसचिव रामकुमार साहू, राजेश पाण्डेय, रोशनलाल कौशिक, कोषाध्यक्ष डॉ शशांक जैन, सह कोषाध्यक्ष संतराम कैवर्त्य, मीडिया प्रभारी- रामभरोस निराला निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश सिंह सेंगर ने अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि मैं इस विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मेरा प्रयास होगा कि हम सभी मिलकर अकलतरा ब्लॉक में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं और निजी स्कूलों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करें। यह गठन और नेतृत्व निश्चित रूप से अकलतरा ब्लॉक के निजी स्कूलों के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगा। अंत में आयोजक सुरेश कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त कर बैठक की समापन की घोषणा की।

## मार्शल आर्ट सीख रहे बच्चों ने देखी मधुमक्खी पालन और 6 फीट की धनिया



मधुमक्खी पालन देखने पहुंचे बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

किसान स्कूल बहेराडीह का जिला वुशु संघ सिवनी चाम्पा द्वारा सिवनी में मार्सल आर्ट का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने किसान स्कूल में किये जा रहे मधुमक्खी पालन और 6 फीट ऊंची संरक्षण धनिया की पौधों के साथ अपना फोटोग्राफी किया।

जिला वुशु संघ सिवनी चाम्पा के ट्रेनर गुलाब यादव, तिलक गोस्वामी, नीतीश राठौर ने बताया कि मार्सल आर्ट का प्रशिक्षण ले रहे भूमि देवांगन 8वी, आरुषि गोस्वामी 8वी, भूमिका देवांगन 8वी, गरिमा पांडेय 5वी, दीप्ति महंत 8वी, गुंजन श्रीवास 8वी, काब्या श्रीवास 8वी, सोनाली देवांगन 8वी, कामना गोस्वामी 7वी, यशस्वी पांडेय 7वी, श्रुति देवांगन 8 वी, फनेश देवांगन 8वी आदि सभी छात्रों ने पंजाब में अपना प्रदर्शन कर चुके हैं।वहीँ 25 मई को 12 छात्र छात्राएं तमिलनाडु जाएंगे।इस मौके पर संघ में कार्यकारिणी सदस्य अविनाश मांझी, रीता धीवर, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, पशु सखी पुष्पा यादव और टीम के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का सख्ती से करें पालन

# अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बेहतर बनाने एसपी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सुशासन त्यौहार के मद्देनजर शिकायत निवारण, अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बेहततर बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि गुरूवार 1 मई को पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम एवं पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज संजीव शुक्ला द्वारा पूर्व में आयोजित बैठक में दिये गए निर्देशों के पालन में, पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा 1 मई को जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सुशासन त्योहार के मद्देनजर शिकायत निवारण,



थाना प्रभारियों की बैठक लेती पुलिस अधीक्षक।

अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में सर्वप्रथम नवीन कानूनों के क्रियान्वयन से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें निम्न विषयों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। 60/90 दिवस के भीतर चालान प्रस्तुत करना, जो कि सकती ज़िले में 100 प्रतिशत कंप्लायंस पाया गया। शासकीय कर्मचारियों से विधिक मामलों में सहयोग- पटवारी, मेडिकल टीम, तहसीलदार, एसडीएम सहित मेडिकल टीम के साथ पीड़ित व आरोपी के परीक्षण व उपचार में समन्वय बनाने पर चर्चा की गई। इसके उपरांत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की गई, जिसमें प्रत्येक थाना क्षेत्र में शांति भंग की आशंका वाले व्यक्तियों पर की गई कार्रवाई, निरोधात्मक धाराओं के अंतर्गत की गई कार्यवाही एवं निगरानी बदमाशों पर नियंत्रण के प्रयासों की जानकारी ली गई। नवीन गुंडा बदमाश फाइल खोलने हेतु प्रस्ताव का आंकलन किया गया। ट्रैफिक संबंधी नियमों के पालन की स्थिति की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। समस्त थाना प्रभारियों को ट्रैफिक नियमन में सुधार हेतु नियमित अभियान चलाने, प्रमुख चौराहों पर यातायात कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने, और आमजन को ट्रैफिक शिक्षा देने के निर्देश दिए गए। अधिक दुर्घटना क्षेत्र में अधिक स्वाट बेल्ट, हेलमेट, ड्रिंक एंड ड्राइव की करवाई। पिकअप एवं ट्रेक्टर में सवारी लोड करने पर करवाई साथ ही चालक के लाइसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव भेजने को आदेशित किया गया। इसी क्रम में कम्युनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम चलित थाना संवाद 2.0 की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने, शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं पुलिस की जनता में विश्वास बढ़ाने हेतु इन प्रयासों को और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने की बात कही।

